हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, गुरुवार, 4 जून 2026
[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]

तापमान
अधिकतम 31.2 डिग्री
न्यूनतम 23.2 डिग्री

4
हनुमान मंदिर में वित्त मंत्री ने की पूजा-अर्चना प्रदेश और रायगढ़ की खुशहाली की कामना



## खबर संक्षेप

### दृष्टि बाधित विशेष विद्यालय में प्रवेश प्रारंभ

**जशपुरनगर।** दृष्टि बाधित बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित शासकीय दृष्टि बाधितार्थ बालक एवं बालिका विशेष विद्यालय जशपुर में शैक्षणिक सत्र 2026-27 हेतु प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। विद्यालय में कक्षा पहली से पांचवीं तक के लिए 6 से 14 वर्ष आयु वर्ग के दृष्टिबाधित बच्चों को प्रवेश दिया जाएगा। समाज कल्याण विभाग के उप संचालक ने जानकारी देते हुए बताया कि इच्छुक अभिभावक एवं पालक कार्यालयीन समय में किसी भी कार्य दिवस पर विद्यालय अथवा संबंधित कार्यालय में संपर्क कर प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण कर सकते हैं। प्रवेश के लिए आधार कार्ड, यूडीआईडी कार्ड, पिछली कक्षा की अंकसूची तथा पासपोर्ट आकार की दो नवीनतम फोटो आवश्यक हैं।

### आवासीय प्रशिक्षण केंद्र में प्रवेश प्रारंभ

**जशपुरनगर।** जिला खनिज संस्थान न्यास निधि के अंतर्गत संचालित समर्थ आवासीय दिव्यांग प्रशिक्षण केंद्र में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए 06 से 16 वर्ष आयु वर्ग के मूक एवं श्रवण बाधित दिव्यांग बच्चों हेतु प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। केंद्र में कक्षा पहली से आठवीं तक के विद्यार्थियों को प्रवेश दिया जाएगा। समाज कल्याण विभाग के उप संचालक ने जानकारी देते हुए बताया कि इच्छुक अभिभावक एवं पालक अपने बच्चों के प्रवेश के लिए कार्यालयीन समय में किसी भी कार्य दिवस पर आवश्यक दस्तावेजों के साथ संपर्क कर सकते हैं। प्रवेश हेतु आवश्यक दस्तावेजों में आधार कार्ड, यूडीआईडी कार्ड, पिछली कक्षा की अंकसूची तथा पासपोर्ट आकार के 2 नवीनतम फोटो शामिल हैं।

### कैंसर पीड़ित महिला के इलाज के लिए 21 लाख की सहायता

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कोरबा निवासी 66 वर्षीय उमातिन बाई के फेफड़े के कैंसर के इलाज के लिए मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत 21,69,344 रुपये की सहायता राशि स्वीकृत की है। इस सहायता से मरीज का उपचार रायपुर में कराया जाएगा। जानकारी के अनुसार, उमातिन बाई के परिजनों ने आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण इलाज के लिए सहायता की मांग करते हुए बगिया स्थित मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया था। आवेदन पर त्वरित संज्ञान लेते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मरीज के उपचार हेतु मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना के अंतर्गत 21.69 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की।मुख्यमंत्री की इस संवेदनशील पहल से मरीज के परिजनों को बड़ी राहत मिली है। परिजनों ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इतनी बड़ी राशि की सहायता मिलने से अब बेहतर इलाज संभव हो सकेगा।

### जिले में 3 जून को 21.3 मिमी औसत वर्षा



**जशपुरनगर।** जिले में 1 जून से अब तक 54.1 मिमी औसत वर्षा हो चुकी है। जिले में बीते 10 वर्षों की तुलना में 3 जून तक औसत वर्षा 57.1 मिमी हुई है। बीते दिवस जिले में 21.3 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 01 जून से अब तक तहसील जशपुर में 5.0 मिमी, मनोरा में 14.2 मिमी, कुनकुरी में 3.4 मिमी, दुलदुला में 0.0 मिमी, फरसाबहार में 8.2 मिमी, बगीचा में 2.7 मिमी, कांसाबेल में 17.3 मिमी, पत्थलगांव में 0.8 मिमी, सन्ना में 2.5 मिमी एवं बागबहार में 0.0 मिमी वर्षा हो चुकी है। सर्वाधिक वर्षा कांसाबेल तहसील में 17.3 मिमी दर्ज की गई है।

## एसटी-एससी वर्ग के मेधावी छात्रों को इस सत्र में नहीं मिलेगा योजना का लाभ

# समय पर प्राइवेट स्कूलों का चयन नहीं कर सके अधिकारी, उत्कर्ष योजना का सत्र हो गया शून्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति वर्ग के मेधावी विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा का अवसर देने वाली आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विद्यार्थी उत्कर्ष योजना इस वर्ष प्रशासनिक लापरवाही की भेंट चढ़ गई है। शिक्षा संचालानालय ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 को शून्य सत्र घोषित कर दिया है, जिसके चलते अब जिले के इन मेधावी विद्यार्थियों के लिए योजना के तहत प्रवेश की संभावना समाप्त हो गई है। इस फैसले का सबसे बड़ा असर ग्रामीण और आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के अनुसूचित जनजाति व अनुसूचित जाति वर्ग के उन प्रतिभाशाली बच्चों पर पड़ा है, जो कक्षा 5 वीं के बाद इस योजना के माध्यम से प्रतिष्ठित विद्यालयों में निःशुल्क शिक्षा प्राप्त करने का सपना देख रहे थे।



अब उन्हें इस वर्ष योजना का लाभ नहीं मिल सकेगा। उत्कर्ष योजना के तहत चयनित विद्यार्थियों को कक्षा 6वीं से 12वीं तक उत्कृष्ट विद्यालयों में पढ़ाई, छात्रावास, भोजन, पुस्तकें, गणवेश और अन्य शैक्षणिक सुविधाएं पूरी तरह निःशुल्क उपलब्ध कराई जाती हैं। इसके लिए जिला स्तर पर प्रतियोगी परीक्षा आयोजित होती है, जिसमें चयनित छात्र बड़े शहरों के प्रतिष्ठित विद्यालयों में अध्ययन का अवसर पाते हैं। रायगढ़ जिले में शासन ने अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए 10 और अनुसूचित जाति वर्ग के लिए 5 सीट आरक्षित की है। ऐसे में प्रतिवर्ष जिले से 15 विद्यार्थियों का चयन इस योजना में होता है, लेकिन इस बार एक भी छात्र प्रवेश नहीं ले सकेगा।

### मार्च में होनी थी परीक्षा, जुलाई तक टलती रही प्रक्रिया

जानकारी के अनुसार विगत सत्रों यह परीक्षा मार्च माह में आयोजित की जाती थी। वहीं मई-जून तक विद्यार्थियों के प्रवेश की प्रक्रिया पूरी हो जाती थी, लेकिन इस बार विभागीय स्तर पर लगातार विलंब होता रहा। पहले परीक्षा को आगे बढ़ाकर 26 जुलाई निर्धारित किया गया, फिर अचानक पूरी प्रक्रिया को ही निरस्त कर दिया गया। स्थानीय अधिकारियों ने भी पालकों और विद्यार्थियों को आवेदन नहीं करने की सलाह दी है, क्योंकि वर्तमान सत्र के लिए योजना प्रभावी रूप से समाप्त मानी जा रही है।

### बच्चों का एक साल बर्बाद

शिक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि समय पर निर्णय नहीं लेने और योजना संचालन में समन्वय की कमी के कारण विद्यार्थियों को बड़ा नुकसान उठाना पड़ा है। जिन बच्चों ने पूरे वर्ष इस परीक्षा की तैयारी की थी, उनका एक महत्वपूर्ण शैक्षणिक अवसर समाप्त हो गया।

### स्कूल चयन में देरी बनी सबसे बड़ी वजह

योजना के लिए निजी स्कूलों की चयन प्रक्रिया समय पर शुरू नहीं हो सकी। सामान्यतः जनवरी-फरवरी तक स्कूलों का पैनल तैयार हो जाता है, लेकिन इस वर्ष मई तक भी प्रक्रिया अधूरी ही रह गई। तब तक अधिकांश विद्यालयों में सामान्य प्रवेश की सीटें भर चुकी थीं। इसके अलावा कई नामी निजी विद्यालयों ने भी योजना से दूरी बना ली। बताया जा रहा है कि प्रति छात्र मिलने वाली फीस, भुगतान प्रक्रिया और पूर्व बकाया संबंधी मुद्दों को लेकर कई स्कूलों ने योजना में रुचि नहीं दिखाई।

शासन ने उत्कर्ष योजना के तहत अनुसूचित जनजाति व अनुसूचित जाति के मेधावी विद्यार्थियों के लिए आयोजित होने वाली परीक्षा को मार्च में ही निरस्त कर दिया था। जिसके बाद शासन की ओर से सत्र को शून्य घोषित करने को लेकर पत्र प्राप्त हुआ है।
**श्रीकांत दुबे**,सहायक आयुक्त, श्रम विभाग

### उर्वरक कारोबारियों पर कृषि विभाग की सख्ती 40 केंद्रों को नोटिस

**रायगढ़।** खरीफ सीजन के दौरान किसानों को गुणवत्तापूर्ण और पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कृषि विभाग ने जिले में निगरानी और जांच अभियान तेज कर दिया है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार 1 अप्रैल से अब तक जिले के 104 उर्वरक विक्रय केंद्रों का निरीक्षण किया गया है। जांच के दौरान अनियमितताएं पाए जाने पर 40 केंद्रों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया हैए जबकि 4 केंद्रों के उर्वरक विक्रय पर प्रतिबंध लगाया गया है। इसके अलावा 3 विक्रय केंद्रों में स्कंध जब्ती की कार्रवाई भी की गई है। कृषि विभाग के अनुसार खरीफ सीजन को देखते हुए जिले में खाद का भंडारण और वितरण शासन के निर्देशों के अनुरूप किया जा रहा है। किसानों को समय पर खाद उपलब्ध कराने के लिए जिला प्रशासन और कृषि विभाग लगातार मॉनिटरिंग कर रहे हैं। निर्धारित लक्ष्य के मुकाबले जिले में अब तक 48 प्रतिशत तथा गत वर्ष की तुलना में 52 प्रतिशत खाद का भंडारण किया जा चुका है। वहीं इस वर्ष किए गए भंडारण के विरुद्ध 46 प्रतिशत उर्वरक का वितरण किसानों को किया गया है।

## उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों का किया गया सम्मान



**जशपुरनगर।** विकासखंड फरसाबहार में सुशासन शिविर खारीबहार में लगाया गया जिसमें शिक्षा विभाग का इस वर्ष सत्र 2025- 26 में विकासखंड का 10वीं 12वीं एवं केंद्रीयकृत परीक्षा पांचवी एवं आठवीं का परीक्षा परिणाम विकासखंड फरसाबहार में सराहनीय रहा। खारीबहार शिविर के दौरान प्रतिवर्ष के भांति इस वर्ष भी शिक्षा विभाग द्वारा केंद्रीकृत परीक्षा कक्षा पांचवी एवं आठवीं में संकुल स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा पुरस्कार प्रदान किया गया। इसके साथ ही विकासखंड फरसाबहार कक्षा दसवीं एवं 12वीं के प्रथम स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को भी पुरस्कृत किया गया।

खारीबहार शिविर अंतर्गत 6 संकुल शामिल हुए जिसमें 4हाई स्कूल एवं हायर सेकंडरी स्कूल आते हैं जिनमें से कुल 26 छात्र छात्राओं को संकुल स्तर पर उच्चतम अंक प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वाले छात्रों में संकुल केंद्र अंकिरा से कक्षा पांचवी में प्रथम स्थान अंश यादव तथा चन्दना चक्रेश एवं कक्षा आठवीं से राज चौहान एवं फिजा साव, इसी प्रकार कक्षा दसवीं प्रिंस कुमार पंडा तथा कक्षा बारहवीं से सौम्य साव को सम्मानित किया गया। संकुल केंद्र कोरंगामाल से कक्षा पांचवी में प्रथम स्थान चन्द्रमा चौहान, विनय नायक एवं आशना लकड़ा, काव्या सोरेन,कक्षा आठवीं से लक्षित साह एवं सरोन लकड़ा, कक्षा दसवीं से आकांक्षा तिर्की तथा बारहवीं से प्रेरणा टोप्पो को सम्मानित किया गया। संकुल केंद्र बाबूसाजबहार से कक्षा पांचवी में प्रथम स्थान संस्कार डनसेना एवं कक्षा आठवीं में निहारिका साने को सम्मानित किया गया। इसी प्रकार संकुल केंद्र बारो से कक्षा पांचवी में प्रथम स्थान मालती यादव, कक्षा आठवीं से मधुबाला तथा कक्षा दसवीं से प्रियंका सिदार को सम्मानित किया गया।

### इनके रही उपस्थिति

उक्त कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दुलारी सिंह सदस्य जिला पंचायत जशपुर, विशिष्ट अतिथि संध्या सिंह जनपद उपाध्यक्ष, वासुदेव नायक जनपद सदस्य, अम्बिका बड़ाइक जनपद सदस्य, हरीशंकर यादव जनपद सदस्य, राजकुमार सिंह, दिलीप साहू मण्डल अध्यक्ष तपकरा, कपिलेश्वर सिंहपूर्व मण्डल अध्यक्ष तपकरा, सत्यम सिंह भाजपा युवा मोर्चा कार्य सदस्य सर्व सरपंच एवं उपसरपंच की गरिमामय उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। उक्त कार्यक्रम में अनुभगीय अधिकारी राजस्व, तहसीलदार फरसाबहार एवं तपकरा, सीईओ जनपद पंचायत, बीईओ, सहायक बीईओ, बीआरसी फरसाबहार सभी संकुल शैक्षिक समन्वयक, प्राचार्य एवं शिक्षक के साथ जिले एवं विकासखंड के अधिकारी कर्मचारी एवं नागरिक पालक उपस्थित रहे।

## कोटपा एक्ट के तहत 535 प्रकरणों में एक लाख से अधिक की चालानी कार्रवाई

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास के मार्गदर्शन में जिला जशपुर में 31 मई से 06 जून 2026 तक विश्व तम्बाकू निषेध सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य तम्बाकू एवं निकोटीन उत्पादों के सेवन से होने वाले गंभीर स्वास्थ्य दुष्प्रभावों के प्रति आम जन को जागरूक करना तथा जिले में तम्बाकू की खपत को कम करना है।

स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित जीपीएम महाविद्यालय की छात्राओं के मध्य रंगोली, निबंध एवं भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों के मध्य शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया, जिसमें सभी ने तम्बाकू उत्पादों से दूर रहने तथा अन्य लोगों को भी इसके दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने की शपथ ली। सप्ताह के दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों में जनजागरूकता रैली का आयोजन किया गया,



जिसमें विद्यार्थियों, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। रैली के माध्यम से आम जन को तम्बाकू से होने वाले स्वास्थ्य नुकसान, कैंसर के खतरे तथा तम्बाकू नियंत्रण कानूनों के संबंध में जानकारी दी गई। वित्तीय वर्ष 2025-26 में कोटपा अधिनियम की विभिन्न धाराओं के अंतर्गत 535 प्रकरणों में 1 लाख 450 रुपये की चालानी कार्रवाई की गई। वर्तमान वर्ष में आज दिनांक तक 98 प्रकरणों में 19600 की चालानी कार्रवाई की जा चुकी है। यह कार्रवाई पुलिस विभाग, राजस्व विभाग, खाद एवं औषधि प्रशासन तथा स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त प्रवर्तन दल द्वारा जिले के विभिन्न क्षेत्रों में लगातार की जा रही है। तम्बाकू सेवन की लत से ग्रसित व्यक्तियों के उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में विशेष सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में 3004 व्यक्तियों ने उपचार का लाभ लिया जबकि 1 अप्रैल 2026 से आज तक 647 व्यक्तियों को उपचार एवं परामर्श उपलब्ध कराया गया है। जिला चिकित्सालय में सीओपीएम एवं सीओएचबी जांच, साइकोथेरेपी परामर्श तथा आवश्यक औषधियों की सुविधा निशुल्क उपलब्ध है।



## 52 महिला हितग्राही रायपुर रवाना

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देशानुसार कुनकुरी विकासखंड की 52 महिला हितग्राही उन्नत बकरी पालन प्रशिक्षण हेतु रायपुर रवाना की गई।यह प्रशिक्षण राज्य कृषि प्रबंधन एवं विस्तार प्रशिक्षण संस्थान रायपुर में आयोजित किया जा रहा है।

प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को वैज्ञानिक एवं आधुनिक बकरी पालन तकनीकों की जानकारी प्रदान कर उनकी आय में वृद्धि करना तथा उन्हें स्वरोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराना है। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को बकरी नस्ल प्रबंधन, आवास व्यवस्था, पोषण, स्वास्थ्य प्रबंधन, टीकाकरण, रोग नियंत्रण एवं विपणन संबंधी विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा व्यावहारिक एवं तकनीकी जानकारी दी जाएगी। महिला हितग्राहियों के दल को जनपद पंचायत कुनकुरी की अध्यक्ष सुशीला साय, कृषि स्थायी समिति के अध्यक्ष विश्वनाथ सिदार, जनपद सदस्य निवेदिता मिश्रा एवं प्रतिभा बाई की उपस्थिति में हरी झंडी दिखाकर रायपुर के लिए रवाना किया गया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों ने प्रशिक्षण प्राप्त करने जा रही महिलाओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रशिक्षण से प्राप्त ज्ञान एवं अनुभव का उपयोग कर वे अपने परिवार की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ बनाने के साथ-साथ अन्य महिलाओं को भी प्रेरित करेंगी।

### तेज रफ्तार ट्रैक्टर बना हादसे की वजह, 3 युवक घायल

**रायगढ़।** शहर के नेशनल हाईवे बायपास मार्ग पर एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर की लापरवाही से बड़ा सड़क हादसा हो गया। महाना फैब्रिकेशन के समीप हुए इस दुर्घटना में 3 बाइक सवार युवक घायल हो गए। इनमें एक युवक के सिर में गंभीर चोट आई है, जबकि दो अन्य के पैरों में फ्रैक्चर होने की जानकारी सामने आई है। जानकारी के अनुसार बीते दिनों सुबह करीब साढ़े 9 बजे एक ट्रैक्टर तेज गति से बायपास मार्ग पर जा रहा था। इसी दौरान चालक ने वाहन पर नियंत्रण खो दिया और आगे चल रहे एक ट्रक को पीछे से टक्कर मार दी।

## धूम्रपान निषेध दिवस पर बोखी में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**जशपुरनगर।** नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत 31 मई 2026 को अंतर्राष्ट्रीय धूम्रपान निषेध दिवस जशपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत बोखी में मनाया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, अधिकारी कर्मचारियों एवं ग्रामीणों की गरिमामय उपस्थिति रही।

कार्यक्रम में उपस्थित समस्त ग्रामवासियों एवं कर्मचारियों को नशा मुक्ति के संबंध में प्रेरित करते हुए नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी दी गई। इस अवसर पर नशा मुक्ति संबंधी नारों के माध्यम से जन जागरूकता फैलाते हुए सभी को नशामुक्त जीवन अपनाने का संदेश



देते हुए नशा मुक्त शपथ दिलाई गई तथा स्वयं एवं समाज को नशामुक्त बनाने हेतु संकल्प कराया गया। जशपुर लोक संगीत अकादमी द्वारा नृत्य, लोकगीत नागपुरी नुक्कड़, नाटक के माध्यम से सभी प्रतिभागियों को स्वस्थ, सकारात्मक एवं नशामुक्त जीवनशैली अपनाने के लिए जागरूक करते हुए नशामुक्त जीवनशैली अपनाने हेतु प्रेरित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित नागरिकों, युवाओं, महिलाओं एवं विद्यार्थियों द्वारा तम्बाकू सेवन नहीं करने तथा अपने परिवार एवं समाज को नशामुक्त बनाने का संकल्प लिया गया। साथ ही सार्वजनिक स्थलों पर धूम्रपान निषेध एवं उत्पादों की बिक्री से संबंधित कानूनी प्रावधानों की भी जानकारी प्राप्त की गई। आयोजन के सफल संचालन में धर्मेन्द्र कुमार साहू उप संचालक, समाज कल्याण विभाग जशपुर एवं स्वास्थ्य विभाग का सक्रिय सहयोग रहा। कार्यक्रम के माध्यम से समुदाय में नशा मुक्ति एवं स्वस्थ जीवनशैली के प्रति सकारात्मक संदेश प्रेषित किया गया।

### कार्रवाई के बाद भी प्लांट प्रबंधन नहीं मान रहे कानून

# कारखाना नियमों की अनदेखी, 5 उद्योगों पर पांच लाख जुर्माना

### श्रम न्यायालय ने सुनाया फैसला

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले के औद्योगिक क्षेत्र में श्रमिकों की सुरक्षा और कारखाना नियमों की अनदेखी करने वाले पांच बड़े उद्योगों पर श्रम न्यायालय ने कड़ा रुख अपनाया है। विभिन्न कारखानों में सुरक्षा मानकों के उल्लंघन और श्रमिक हितों की उपेक्षा के मामलों में न्यायालय ने संबंधित अधिभोगियों एवं प्रबंधकों पर लाखों रुपये का आर्थिक दंड लगाया है।

जानकारी के अनुसार, औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा विभाग द्वारा समय-समय पर किए गए निरीक्षण के दौरान कई उद्योगों में कारखाना अधिनियम एवं सुरक्षा नियमों के गंभीर उल्लंघन सामने आए थे। इसके बाद




विभाग के उप संचालक राहुल पटेल की ओर से संबंधित कारखानों के खिलाफ न्यायालय में प्रकरण प्रस्तुत किए गए। मई में इन मामलों का निराकरण करते हुए श्रम न्यायालय ने दोषी पाए गए उद्योगों पर दंडात्मक कार्रवाई की।श्रम न्यायालय की इस कार्रवाई को औद्योगिक क्षेत्र में सुरक्षा मानकों को लेकर एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। प्रशासन ने स्पष्ट संकेत दिया है कि श्रमिकों की सुरक्षा, स्वास्थ्य और कार्यस्थल पर निर्धारित नियमों की अनदेखी किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि भविष्य में भी ऐसे निरीक्षण जारी रहेंगे।

### इन उद्योगों पर लगा पेनाल्टी

सिंघल स्टील एंड पावर लिमिटेड अधिभोगी विनय कुमार शर्मा, प्रबंधक जीके मिश्रा पर दो लाख, मां मंगला इस्पात प्राइवेट लिमिटेड, नटवरपुर अधिभोगी हर्षवर्धन गर्ग को 1 लाख, गुरुश्री इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड, देलारी अधिभोगी एवं प्रबंधक मुकेश बंसल 1 लाख, सावित्री राइस मिल, सहदेवपाली-छातामुड़ा अधिभोगी एवं प्रबंधक सूर्यकांत अग्रवाल 1 लाख, नवदुर्गा फ्यूल प्राइवेट लिमिटेड, सराईपाली अधिभोगी एवं प्रबंधक प्रकाश बेहरा पर 25 हजार का जुर्माना लगाया गया है।

### पांच पर जुर्माना

श्रमिकों की सुरक्षा और कारखाना नियमों की अनदेखी करने वाले पांच बड़े उद्योगों पर श्रम न्यायालय ने जुर्माना लगाया है। इन 5 उद्योगों पर न्यायालय द्वारा नियमानुसार 5 लाख 25 हजार रूपए से दंडित किया गया है।
**राहुल पटेल**
उप संचालक
औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा विभाग

## जिले को मिले 18 प्रशिक्षु उप निरीक्षक एसएसपी ने पढ़ाया जनसेवा का पाठ

**रायगढ़।** रायगढ़ जिले को व्यवहारिक प्रशिक्षण के लिए 18 प्रशिक्षु उप निरीक्षक एसआई मिले हैं। सभी प्रशिक्षु अधिकारियों ने पुलिस लाइन रायगढ़ में अपनी आमद दर्ज कराई, जहां उनका वरिष्ठ अधिकारियों से परिचय कराया गया। एसएसपी शशि मोहन सिंह ने प्रशिक्षु उप निरीक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि



अकादमी प्रशिक्षण के बाद व्यवहारिक प्रशिक्षण पुलिस सेवा का सबसे महत्वपूर्ण चरण होता है। इसी दौरान अधिकारी वास्तविक परिस्थितियों में कार्य करते हुए कानून.व्यवस्था, अपराध विवेचना और पुलिसिंग की बारीकियों को समझते हैं। एसएसपी ने प्रशिक्षु अधिकारियों को अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा और ईमानदारी को अपनी कार्यशैली का आधार बनाने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग की पहचान उसके अनुशासन से होती है और प्रत्येक अधिकारी का आचरण विभाग की गरिमा को प्रतिबिंबित करता है। उन्होंने कहा कि पुलिस सेवा केवल एक नौकरी नहीं, बल्कि समाज और जनता की सेवा का दायित्व है। एसएसपी ने सभी 18 प्रशिक्षु उप निरीक्षकों को व्यवहारिक प्रशिक्षण के लिए जिले के विभिन्न थाना एवं पुलिस इकाइयों में अस्थायी रूप से पदस्थ किया है, जहां वे पुलिसिंग के विभिन्न पहलुओं का व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करेंगे।

## खबर संक्षेप



### कुपोषण मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान को गति देने मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने ली समीक्षा बैठक

**अम्बिकापुर।** महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने प्रदेश को कुपोषण मुक्त बनाने के उद्देश्य से संचालित विशेष अभियान की समीक्षा करते हुए 8 जिलों के जिला कार्यक्रम अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में गंभीर कुपोषित एवं मध्यम कुपोषित बच्चों की स्थिति, पोषण पुनर्वास तथा विभागीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की समीक्षा की गई। मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा दंतेवाड़ा, सुकमा, बीजापुर, नारायणपुर, सूरजपुर, जशपुर, बलरामपुर और सरगुजा जिलों में कुपोषण मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान संचालित किया जा रहा है। इन जिलों में कुपोषण की चुनौती को दूर करने के लिए विशेष रणनीति के तहत पोषण सेवाओं, सामुदायिक सहभागिता और सतत निगरानी पर जोर दिया जा रहा है। बैठक में मंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जहां पर्याप्त भूमि उपलब्ध है, वहां केला, पपीता, मुनगा सहित अन्य पोषण युक्त पौधों का रोपण किया जाए तथा प्रत्येक आंगनबाड़ी केंद्र में पोषण वाटिका विकसित की जाए। उन्होंने कहा कि स्थानीय स्तर पर उपलब्ध पौष्टिक खाद्य सामग्री बच्चों और महिलाओं के पोषण स्तर में सुधार लाने का प्रभावी माध्यम बन सकती है। उन्होंने अतिरिक्त पोषण आहार की उपलब्धता, गुणवत्तापूर्ण आंगनबाड़ी संचालन, नियमित निरीक्षण और सुपोषण पाठशालाओं के प्रभावी संचालन पर विशेष जोर देते हुए निर्देश दिए कि बच्चों को समय पर पौष्टिक आहार उपलब्ध कराया जाए।

### अलग-अलग मामलों में पस्ता पुलिस ने 10 आरोपियों से जब्त किया 23 मवेशी



**राजपुर।** पशु तस्करी के दो अलग-अलग मामलों में पस्ता पुलिस ने दस पशु तस्करों को गिरफ्तार करने के साथ ही 23 मवेशियों को मुक्त कराया है। जंगल के रास्ते पैदल मवेशियों की तस्करी रूकने का नाम नहीं ले रही है। पुलिस की लगातार कार्रवाई के बावजूद तस्कर जंगल के रास्ते अमानवीय तरीके से मवेशियों की तस्करी कर रहे हैं। मुखबीर की सूचना पर पस्ता पुलिस ने सेमरसोत अभ्यारण्य क्षेत्र में घेराबंदी कर घेराबंदी कर 6 आरोपियों को पकड़ा है। आरोपी 12 बैलों को जंगल के रास्ते पैदल अमानवीय तरीके से झारखण्ड ले जा रहे थे। मामले में पुलिस ने तस्करों के कब्जे से 12 बैलों को जब्त कर पशु चिकित्सकों से उनका स्वास्थ्य परीक्षण कराया। दूसरे मामले में मंडी बैरियर के पास सड़क से गुजर रहे एक संदेहास्पद पिकअप को रोककर पुलिस ने जांच की उसमें 11 मवेशी मिले जिन्हें पिकअप में ठूंसकर झारखण्ड ले जाया जा रहा था। पुलिस ने पिकअप को रोककर जांच की तो वाहन में 11 पड़िया मिली। पूछताछ में आरोपियों ने मवेशियों को झारखण्ड बूचड़खाना ले जाने की बात स्वीकार की है। मामले में पुलिस ने छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिक्षण अधिनियम की धारा 4,6, 10, पशुक्रूरता निवारण अधिनियम की धारा 11 के तहत गिफ्तार कर न्यायायिक रिमाण्ड में भेजा गया है। गिरफ्तार आरोपियों में ग्राम महाराजगंज निवासी रतिया पिता सोमा, घासी कोड़ाकू पिता विफता कोड़ाकू, भेदमी निवासी मटूराम पिता रामकुमार, महाराजगंज निवासी विकेश सोनवानी पिता कोंदा सोनवानी, इदरीकला निवासी समहरता पिता चदना, महाराजगंज निवासी अंजोर पल्हे पिता राम सकल, रंगनाथ सिंह, रमेश यादव, जवाहर यादव एवं लालजी यादव शामिल है।

### 4 को होगी प्री डीएलएड की प्रवेश परीक्षा

अम्बिकापुर। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल (व्यापमं) द्वारा आगामी 04 जून 2026 को प्री. डीएलएड प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। है। यह परीक्षा पूर्वाह्न 10 बजे से दोपहर 12.15 बजे तक आयोजित की जाएगी। जिले में परीक्षा कुल 36 परीक्षा केंद्रों में आयोजित होगी तथा परीक्षा में कुल 11,841 अभ्यर्थी शामिल होंगे।

## लोगों की बढ़ी परेशानी, सात माह बाद भी नहीं हुई क्षतिग्रस्त पाइप लाइन की मरम्मत

# सड़क निर्माण के बाद पेयजल के लिए तरस रहे ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ⏭ मानीचौक

ग्राम पंचायत सलका के रजवारी पारा के लोगों की समस्या कम होने का नाम नहीं ले रहा है। ग्राम पंचायत के लोग पहले जहां जर्जर सड़क की समस्या से जूझ रहे थे और जब सड़क की समस्या दूर हुई तो अब पेयजल की समस्या से जूझ रहे है। हैरानी की बात तो यह है कि सात माह पूर्व पक्की सड़क निर्माण किया गया था। इस दौरान नल जल मिशन योजना के तहत बिछाई गई पाइप लाइन के क्षतिग्रस्त हो जाने के बावजूद आज तक मरम्मत नहीं हो सकी। ऐसे में इस भीषण गर्मी में रजवारीपारा के लोगों के समक्ष पेयजल की समस्या उत्पन्न हो गई है।

**खास बात**

- सड़क निर्माण के दौरान हुआ था क्षतिग्रस्त, लोगों को नहीं मिल रहा जल जीवन मिशन का लाभ

ग्राम पंचायत सलका के रजवारी पारा में जल जीवन मिशन के तहत बिछाई गई नल-जल पाइपलाइन सड़क निर्माण कार्य के दौरान क्षतिग्रस्त हो गई। पिछले लगभग सात महीनों से ग्रामीणों के घरों तक पानी की आपूर्ति बंद है जिससे लोगों को पेयजल के लिए भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गौरतलब है कि ग्राम पंचायत सलका में जल जीवन मिशन के तहत सड़क किनारे पाइपलाइन का विस्तार कर ग्रामीणों के घरों तक पानी पहुंचाया जा रहा था। इससे मोहल्लेवासियों को नियमित रूप से नल के माध्यम से पेयजल उपलब्ध हो रहा था। लेकिन लगभग सात माह पूर्व सलका के रजवारी पारा से रेड नदी तक लोक निर्माण विभाग द्वारा पक्की सड़क निर्माण के दौरान पाइपलाइन और कई घर के नल कनेक्शन क्षतिग्रस्त हो गए, जिसके बाद से जलापूर्ति पूरी तरह ठप पड़ गई है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क निर्माण के समय पाइपलाइन टूटने के बाद आज तक उसकी मरम्मत नहीं कराई गई। परिणामस्वरूप जल जीवन मिशन की महत्वाकांक्षी योजना का लाभ लोगों को नहीं मिल पा रहा है। मोहल्ले के सैकड़ों परिवार पेयजल संकट से जूझ रहे हैं और पानी की एक-एक बूंद के लिए भटकने को मजबूर हैं।



अनुपयोगी पड़ा पानी टंकी।

**गिनती के है हैंडपंप**

ग्रामीणों ने बताया कि सलका के रजवारी पारा में सीमित संख्या में हैंडपंप उपलब्ध हैं, जबकि आबादी काफी अधिक है। ऐसे में हैंडपंपों में पानी भरने के लिए सुबह से ही लोगों की लंबी कतारें लग जाती हैं। हैंडपंप के पानी का केवल पेयजल के लिए करते है जबकि स्नान करने, कपड़े धोने तथा मवेशियों को पानी पिलाने के लिए ग्रामीणों को एकमात्र तालाब पर निर्भर रहना पड़ रहा है।

**पाइप लाइन मरम्मत की मांग**

ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि क्षतिग्रस्त पाइपलाइन की शीघ्र मरम्मत कर जलापूर्ति बहाल की जाए, ताकि जल जीवन मिशन का वास्तविक लाभ लोगों को मिल सके और उन्हें पेयजल संकट से राहत मिल सके। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार संबंधित विभाग और पंचायत प्रतिनिधियों को समस्या से अवगत कराया, लेकिन आज तक कोई ठोस पहल नहीं की गई है। ऐसे जलापूर्ति बंद रहने से महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों को सबसे अधिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

**नहीं मिली है सूचना**

ग्राम पंचायत सलका के रजवारीपारा में सड़क निर्माण के दौरान पाइप लाइन क्षतिग्रस्त हुए है इसकी जानकारी नहीं है। पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा आज तक इस संबंध में सूचना नहीं दिया गया है। पेयजल सप्लाई बंद है तो तत्काल जांच कराकर सुधार कराता हूं।

-अमित राय
इंजीनियर पीएचई

ग्रामीणों का कहना है कि इस भीषण गर्मी में जहां नदी-नाला, तालाब व कुआं सूखने के कगार पर है। ऐसे में नल जल मिशन योजना के तहत घरों में लगाए गए नल कनेक्शन अब पाइप लाइन क्षतिग्रस्त हो जाने से शो पीस बन कर रह गई है। ग्राम पंचायत में पेयजल की समस्या पिछले सात माह से बनी हुई है लेकिन आज तक किसी ने समस्या के निराकरण के लिए कोई पहल नहीं किया जिससे ग्राम पंचायत के लोग हैंडपंप व कुआं के भरोसे है।

### हैण्डपंप से निकल रहा लाल पानी पानी के लिए चक्कर लगा रहे ग्रामीण

रामचन्द्रपुर। ग्राम पंचायत कालिकापुर के विभिन्न वार्डों में हैण्डपंप से लाल पानी निकलने के कारण ग्रामीणों को पेयजल के लिए भारी संघर्ष करना पड़ रहा है। ग्रामीणों को लम्बी दूरी तय कर दूसरे वार्डों से पीने का पानी लाना पड़ रहा है।

ग्राम पंचायत के विभिन्न टोलापारा में शुद्ध पेयजल आपूर्ति के लिए शासन द्वारा जलजीवन मिशन के तहत एक साल पूर्व ही पानी टंकी का निर्माण करने के साथ ही पूरे गांव में पाइपलाइन का विस्तार किया गया है लेकिन एक साल का लम्बा समय गुजरने के बावजूद अभी तक पानी की आपूर्ति प्रारंभ नहीं की गई है। ग्राम पंचायत कालिकापुर के स्कूलपारा, पवरियाटोला, मुस्लिम टोला एवं पटेलपारा में कहीं हैण्डपंप हवा उगल रहे हैं तो कहीं लाल पानी निकल रहा है। स्कूलपारा स्थित दोनों हैण्डपंप से लाल पानी निकलने के कारण लोगों को पेयजल के लिए लम्बी दूरी तय करनी पड़ रही है। स्कूलपारा में संचालित स्वास्थ्य केंद्र का



सबमर्सिबल पंप चोरी होने के बाद स्वास्थ्य कर्मियों एवं मरीजों को पानी के लिए परेशान होना पड़ रहा है। यही हाल पवरिया टोला के हैण्डपंप का है। हैण्डपंप से लाल पानी निकलने के कारण ग्रामीण कुएं का पानी पी रहे है। इस संबंध में पंच शाहिद अंसारी ने बताया कि हैण्डपंप से लाल पानी निकलने के कारण ग्रामीणों को पेयजल के लिए भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

इस संबंध में सरपंच वाहिद अंसारी ने बताया कि स्थिति से पीएचई के अधिकारियों को अवगत कराया गया है। जल्द ही सुधार कार्य कराया जाएगा।

### पानी के लिए परेशान परसा के ग्रामीण, महीनों से नल-जल योजना बंद



बिहारपुर। विकासखण्ड ओड़गी के दूरस्थ चांदनी बिहारपुर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत करौटी ए के आश्रित ग्राम परसा के ग्रामीण भीषण गर्मी में पेयजल संकट से जूझ रहे हैं। गांव में स्थापित सोलर नल-जल योजना पिछले कई महीनों से बंद पड़ी है। लगातार शिकायतों के बावजूद विभाग इसे सुधारने की पहल नहीं की है। हालत यह है कि ग्रामीणों को पानी के लिए 2-3 किमी दूरी का चक्कर लगाना पड़ रहा है। सुबह होते ही गांव की महिलाएं पानी की तलाश में निकल जाती हैं। कई परिवारों को दिनभर की जरूरत के लिए नदी-नालों और छोटे स्रोतों पर निर्भर रहना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि पीने के पानी की ही व्यवस्था नहीं है, तो निस्तारी और अन्य दैनिक कार्यों की स्थिति का अंदाजा सहज लगाया जा सकता है। आदिवासी बाहुल्य ग्राम परसा के अधिकांश परिवार आर्थिक रूप से कमजोर है। दूषित पानी पीने से ग्रामीणों में बीमारियों का खतरा सता रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि कई बार शिकायत करने के बावजूद अधिकारी केवल आश्वासन देकर मामले को टालते रहे है। नल-जल योजना शुरू होने से लोगों को आसानी से शुद्ध पानी मिल रहा था। इस संबंध में सरपंच गजमोचन सिंह ने बताया कि समस्या को लेकर कई बार लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी एवं क्रेडा के अधिकारियों को स्थिति की जानकारी दी गई। फोन द्वारा भी स्थिति से अवगत कराया गया लेकिन अब तक तकनीकी टीम तक गांव नहीं पहुंची है।



## मदननगर की भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया को लेकर ग्रामीणों का फूटा आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

ग्राम मदननगर की भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया को लेकर लंबे समय से सुलग रहा ग्रामीणों का आक्रोश मंगलवार को प्रतापपुर थाना परिसर के सामने खुलकर सामने आ गया। ग्राम सभा की सहमति और प्रस्ताव के बिना एसईसीएल के नाम पर जमीन नामांतरण किए जाने के आरोपों से नाराज ग्रामीणों ने प्रतापपुर थाना का घेराव कर प्रशासन और एसईसीएल के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। साथ ही दोषी अधिकारी-कर्मचारी पर एफआईआर दर्ज करने की मांग की।

- एसईसीएल और प्रशासन के खिलाफ खोला मोर्चा, किया थाने का घेराव

ग्रामीणों का आरोप है कि मदननगर और आसपास के क्षेत्र की आदिवासी भूमि को ग्राम सभा की पूर्व स्वीकृति के बिना अधिग्रहित करने की प्रक्रिया चलाई गई है, जो संविधान की पांचवीं अनुसूची, पेसा कानून और भूमि अधिग्रहण संबंधी नियमों का खुला उल्लंघन है। ग्रामीणों का कहना है कि उनकी पैतृक भूमि केवल आजीविका का साधन नहीं बल्कि उनकी संस्कृति, परंपरा और धार्मिक आस्था का केंद्र भी है। इसी भूमि पर उनके सरना स्थल, देवस्थान और पूर्वजों की स्मृतियां जुड़ी हुई हैं। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि प्रशासनिक अधिकारियों और राजस्व अमले द्वारा उनकी जानकारी और सहमति के बिना जमीन का नामांतरण एसईसीएल के नाम पर कर दिया गया। इसके विरोध में ग्रामीणों ने पहले भी कई बार ज्ञापन और शिकायत दी थी, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। जिस पर दोषी अधिकारी कर्मचारियों पर सीधे आपराधिक प्रकरण दर्ज करने की मांग कर रहे हैं। थाना परिसर के बाहर स्थिति उस समय और तनावपूर्ण हो गई जब बड़ी संख्या में ग्रामीण थाने पहुंच गए। पुलिस ने एहतियातन थाना के मुख्य द्वार को बंद कर दिया। हालांकि पुलिस अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन ग्रामीण अपनी मांगों पर अड़े रहे और धरने पर बैठ गए। युवा आदिवासी नेता एवं जिपं सदस्य सुरेश आयाम ने कहा कि यह लड़ाई केवल जमीन की नहीं बल्कि आदिवासी अस्तित्व, संस्कृति और संवैधानिक अधिकारों की लड़ाई है। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों की मांग है कि भूमि नामांतरण और अधिग्रहण प्रक्रिया की निष्पक्ष जांच कर दोषी अधिकारियों एवं संबंधित पक्षों के खिलाफ अनुसूचित जाति एवं जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम सहित अन्य प्रासंगिक धाराओं के तहत कार्रवाई की जाए। प्रदर्शनकारियों ने ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि उनकी शिकायत पर अपराध दर्ज नहीं किया गया तो उग्र आंदोलन करेंगे। इस दौरा मदननगर के बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## समाज के विकास के लिए सभी को आपसी मतभेद भुलाकर एक मंच पर आना होगा : चक्रवर्ती

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनपुर

विकासखंड लखनपुर अंतर्गत ग्राम रजपुरीकला में कुम्हार समाज का जिला स्तरीय सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन में जिले के सभी विकास खंडों से 200 से अधिक समाज के लोग शामिल हुए। कार्यक्रम में सामाजिक एकता, संगठन की मजबूती, समाज के उत्थान तथा भविष्य की कार्ययोजना को लेकर व्यापक चर्चा की गई।

- कुम्हार समाज की पहचान उसकी मेहनत, परंपरा और कला

सम्मेलन के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष शंभूनाथ चक्रवर्ती रहे। कार्यक्रम के दौरान समाज के एक वरिष्ठ कुम्हार द्वारा उन्हें पारंपरिक मिट्टी का बर्तन सप्रेम भेंट कर सम्मानित किया गया। यह सम्मान समाज की सांस्कृतिक विरासत और



माटी कला के प्रति सम्मान का प्रतीक रहा। सम्मेलन की विशेष उपलब्धि यह रही कि जिले में समाज के सभी संगठनों एवं पदाधिकारियों ने माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष शंभूनाथ चक्रवर्ती की उपस्थिति में अखिल भारतीय कुंभकार महासंघ के बैनर तले एकजुट होकर कार्य करने पर सहमति व्यक्त की। समाज के पदाधिकारियों ने कहा कि छत्तीसगढ़ के सभी सामाजिक लोगों को एक सूत्र में बंधकर समाजहित में कार्य करना चाहिए, जिससे समाज की आवाज और अधिक प्रभावी ढंग से शासन-प्रशासन तक पहुंच सके। माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष शंभूनाथ चक्रवर्ती ने कहा कि कुम्हार समाज की पहचान उसकी मेहनत, परंपरा और कला से है। उन्होंने समाज के लोगों से शिक्षा, संगठन और आत्मनिर्भरता को प्राथमिकता देने की बात कही। उन्होंने कहा कि समाज के विकास के लिए सभी को आपसी मतभेद भुलाकर एक मंच पर आना होगा तथा नई पीढ़ी को समाज की संस्कृति और परंपराओं से जोड़ना होगा। जिला अध्यक्ष शंकर प्रजापति ने सामाजिक एकता और संगठन की मजबूती पर बल देते हुए कहा कि संगठित समाज ही अपने अधिकारों और विकास के लक्ष्यों को प्राप्त कर सकता है। इस दौरान शोभनाथ प्रजापति, प्रताप प्रजापति, सुहांग प्रजापति, फागुन प्रजापति, दशरथ प्रजापति, ठाकुर राम प्रजापति, समेलाल प्रजापति, सिद्धार्थ प्रजापति, घासीराम प्रजापति, बलजीत प्रजापति, दिगेन्द्र पांडे, जयशंकर पांडे, संजय प्रजापति, गुरु प्रजापति, जगदम्बा प्रजापति, मुरली प्रजापति, उमेश प्रजापति, दुमेश्वर प्रजापति, विजेन्द्र प्रजापति सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन जिला सचिव शिवनाथ प्रजापति एवं परमेश्वर प्रजापति ने किया।

### मांड नदी के तट पर होगा मुक्तिधाम का निर्माण, विधायक ने किया स्थल निरीक्षण

**सीतापुर।** नगर में वर्षों से मांड नदी के किनारे प्रस्तावित मुक्तिधाम निर्माण को लेकर विधायक रामकुमार टोप्पो स्थल निरीक्षण करने पहुंचे। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि काफी लंबे समय से एक सुविधायुक्त मुक्तिधाम की जरूरत महसूस की जा रही थी। इस संबंध में साहू समाज एवं नगर वासियों ने कई बार अवगत कराते हुए इस संबंध में चर्चा की थी। लोगों का कहना था कि ज्यादातर लोग अंतिम संस्कार केसला मांड नदी के तट पर करते है। जहां बारिश के दिनों में दाह संस्कार में काफी दिक्कत होती है। अंतिम संस्कार के लिए सुविधायुक्त मुक्तिधाम का होना बेहद आवश्यक है। विधायक ने निरीक्षण के दौरान आश्वस्त करते हुए कहा कि इसके लिए हरसंभव मदद करूंगा ताकि मांड नदी के तट पर एक सर्वसुविधायुक्त मुक्तिधाम का निर्माण हो सके। इस दौरान साहू समाज के अध्यक्ष सदानंद गुप्ता, अंजनी शाह, सुनील गुप्ता, प्रमोद गुप्ता, रूपेश आर्य गुप्ता, संदीप गुप्ता, मनोज गुप्ता, दिनेश गुप्ता, बंटी गुप्ता, पार्षद नीरू मिस्त्री, संगीता कंसारी, विष्णु अग्रवाल, पार्षद भवानी सिंह, विकास एक्का, राजेश कंदरा, किशन उपाध्याय, संकेत गुप्ता एवं अन्य उपस्थित थे।

## कोल इंडिया के अधिकारी संगठन सीएमओएआई के चुनाव पर लगी रोक

हरिभूमि न्यूज : बिश्रामपुर

कोल इंडिया अधिकारियों के संगठन सीएमओएआई में चुनाव को संगठन के शीर्ष निकाय सीएमओएआई एपेक्स ने एसईसीएल शाखा के प्रस्तावित चुनाव पर फिलहाल रोक लगाने के संकेत दिए हैं तथा जांच रिपोर्ट आने तक यथास्थिति बनाए रखने के निर्देश जारी किए हैं। सीएमओएआई एपेक्स के महासचिव सर्वेश सिंह द्वारा जारी पत्र में स्पष्ट कहा गया है कि बिश्रामपुर उपशाखा के सचिव अमरेंद्र नारायण द्वारा संगठन के फंड के कथित दुरुपयोग को लेकर उठाए गए सवालों की जांच पूरी होने और रिपोर्ट अंतिम रूप से प्रस्तुत होने तक एसईसीएल शाखा के चुनाव संबंधी किसी भी प्रक्रिया में जल्दबाजी नहीं की जानी चाहिए।

- फंड दुरुपयोग होने की जांच पूरी होने तक यथास्थिति बनाए रखने के जारी हुए निर्देश

जानकारी के अनुसार बिश्रामपुर उपशाखा की ओर से संगठन के वित्तीय लेन-देन और फंड के उपयोग को लेकर गंभीर आपत्तियां दर्ज कराई गई थीं। इस संबंध में भेजे गए शिकायत पत्र के आधार पर एपेक्स नेतृत्व ने मामले को गंभीरता से लेते हुए हस्तक्षेप किया है। अब जांच रिपोर्ट आने तक चुनाव प्रक्रिया को लेकर संगठन के भीतर अनिश्चितता की स्थिति बन गई है। एपेक्स महासचिव ने अपने पत्र में सीएमओएआई के संविधान की धारा 7, उपधारा 7.1 (बी) का उल्लेख करते हुए कहा है कि शाखा के चुनाव कार्यक्रम तय करने का अधिकार केवल सीईसी एपेक्स को है, जबकि उपशाखाओं के चुनाव का निर्णय संबंधित शाखा द्वारा लिया जाता है। पत्र में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि यदि किसी अन्य प्राधिकरण द्वारा शाखा चुनाव या नई कार्यकारिणी गठन से जुड़ा कोई निर्णय लिया जाता है तो उसे संगठन के संविधान के अनुरूप वैध नहीं माना जाएगा और वह शून्य एवं निरस्त समझा जाएगा। एपेक्स के इस निर्देश के बाद एसईसीएल अधिकारियों के संगठन में चुनावी गतिविधियों को लेकर नई चर्चाएं शुरू हो गई हैं।

## एमएस सिंहदेव अंडर16 पिंकबॉल क्रिकेट टूर्नामेंट में सीडब्ल्यूआरडी और सरगुजा रेस्ट की टीम फाइनल में

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सोमवार को एमएस सिंह देव अंडर 16 पिंक बॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल मैचों में युवा खिलाड़ियों ने जबरदस्त उत्साह दिखाया। सीडब्ल्यूडी और सरगुजा रेस्ट की टीम नें सेमी फाइनल का मैच जीतकर फाइनल में जगह बनाई।

पहले सेमीफाइनल में रेस्ट ऑफ सरगुजा ने निर्धारित 20 ओवर में 112 रन बनाए। नविन ठाकुर ने 41 रन बनाए और स्वास्तिक केशरी ने 34 रनों की उपयोगी पारी खेली। सरगुजा रॉयल की ओर से युग गोयल ने 2 विकेट लिए लेकिन रिटर्न गेंदबाज़ी में वेदांता गुप्ता ने टीम संभाली और 3 विकेट लेकर विरोधी टीम को दबाव में डाल दिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए रॉयल मात्र 104 रन पर ऑल आउट हो गई। गगन बोस ने 33 रन बनाकर कोशिश की लेकिन टीम फाइनल से बाहर रही। वेदांता गुप्ता को उनकी निर्णायक गेंदबाजी के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया। दूसरे सेमीफाइनल में विनायकम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए



20 ओवर में सिर्फ 77 रन ही बनाए। नैतिक चौधरी ने संघर्षपूर्ण 40 रन बनाकर टीम का बड़ा योगदान दिया। सीडब्ल्यूडी के गेंदबाज रूद्र प्रताप सिंह ने विनायकम पर जबरदस्त दबाव बनाते हुए 3 विकेट लिए। रनों के पीछा में सीडब्ल्यूडी ने 12वें ओवर में लक्ष्य हासिल कर फाइनल में प्रवेश किया। रूद्र प्रताप सिंह ने 14 रन बनाकर और 3 विकेट लेकर मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार जीता। संघ के सचिव विनीत जायसवाल ने कहा कि यह आयोजन युवाओं को प्रतिस्पर्धात्मक माहौल में खेलने का शानदार अवसर दे रहा है और खिलाड़ियों ने दबाव में खेलना सीख लिया है।

**पंजीकृत ट्रेड यूनियन फेडरेशन ही कम्पनी की औद्योगिक संबंध व्यवस्था का हिस्सा बन सकेंगे**

## ट्रेड यूनियन फेडरेशनों का पंजीकरण अनिवार्य बिना पंजीकरण नहीं मिलेगी मान्यता

**बिश्रामपुर।** कोल इंडिया लिमिटेड की ट्रेड यूनियन व्यवस्था में जल्द ही एक बड़ा बदलाव देखने को मिल सकता है। औद्योगिक संबंध संहिता आईआर कोड 2020 के प्रभावी क्रियान्वयन के साथ ही सीआईएल स्तर पर कार्यरत सभी ट्रेड यूनियन फेडरेशनों के लिए औपचारिक पंजीकरण अनिवार्य होने जा रहा है। इसका सीधा असर यूनियनों की मान्यता, श्रमिक प्रतिनिधित्व और वेतन वार्ताओं तक पड़ सकता है।

सीआईएल प्रबंधन द्वारा 5 जून को आयोजित होने वाली एपेक्स जेसीसी बैठक के लिए तैयार प्रस्तुतीकरण दस्तावेज में यह महत्वपूर्ण जानकारी सामने आई है। दस्तावेज में आईआर कोड 2020 की विभिन्न धाराओं का हवाला देते हुए स्पष्ट किया गया है कि भविष्य में केवल पंजीकृत ट्रेड यूनियन फेडरेशन ही कंपनी की औद्योगिक संबंध व्यवस्था का हिस्सा बन सकेंगे। ज्ञात हो कि आईआर कोड 2020 की धारा 14(1) के अनुसार किसी भी औद्योगिक प्रतिष्ठान में नियोक्ता के साथ औपचारिक वार्ता का अधिकार केवल मान्यता प्राप्त वार्ताकारी संघ अथवा वार्ताकारी परिषद को होगा। यह मान्यता केवल पंजीकृत ट्रेड यूनियनों के आधार पर ही दी जाएगी। यही नहीं कोड की धारा में दो या दो से अधिक ट्रेड यूनियनों के महासंघ यानी फेडरेशन को भी ट्रेड यूनियन की श्रेणी में शामिल किया गया है जिससे अब केवल लंबे समय से सक्रिय होने भर से किसी संगठन को मान्यता नहीं मिलेगी, बल्कि कानूनी रूप से पंजीकृत होना भी आवश्यक होगा। वर्तमान में सीआईएल में पांच प्रमुख केंद्रीय फेडरेशन सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं जिसमें बीएमएस, एटक, एचएमएस, सीटू, इंटक हैं। बताया जा रहा है कि इनमें से किसी भी केंद्रीय फेडरेशन का अभी तक औपचारिक पंजीकरण नहीं हुआ है। ऐसे में नए नियम लागू होने के बाद इन सभी संगठनों को निर्धारित कानूनी प्रक्रिया पूरी करनी होगी। ऐसे में पंजीकरण अब केवल कानूनी औपचारिकता नहीं बल्कि यूनियनों के अस्तित्व और प्रभाव से जुड़ा मुद्दा बन सकता है। वर्तमान व्यवस्था में विभिन्न केंद्रीय समितियों और बोर्डों में प्रतिनिधियों का नामांकन फेडरेशन स्तर से किया जाता है। इनमें जेबीसीसीआई, मानकीकरण समिति, एपेक्स, जेसीसी, सीआईएल वेलफेयर बोर्ड, सीआईएल सेफ्टी बोर्ड जैसे महत्वपूर्ण मंच शामिल हैं।प्रस्तुतीकरण दस्तावेज सामने आने के बाद कोयला उद्योग के श्रमिक संगठनों में हलचल तेज हो गई है। विभिन्न यूनियनें अब कानूनी पहलुओं का अध्ययन कर रही हैं और नए नियमों के अनुरूप अपनी रणनीति तैयार करने में जुट गई हैं।

### जनदर्शन में कलेक्टर ने सुनी आमजनों की समस्याएं

**बलरामपुर।** आमजनों की समस्याओं का प्राथमिकता के साथ शीघ्र निराकरण करने के उद्देश्य से संयुक्त जिला कार्यालय भवन के सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक के पश्चात जनदर्शन का आयोजन किया गया। जनदर्शन में मांग व शिकायत के संबंध में आवेदन प्राप्त हुए जिसमें आमजनों द्वारा विभिन्न विषयों संबंधित आवेदन प्रस्तुत किये गए। प्राप्त आवेदनों का कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने अवलोकन करते हुए संबंधित अधिकारियों को नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करते हुए निराकरण करने के निर्देश दिए।



# कॉकटेल-2 का ट्रेलर रिलीज कृति-रश्मिका के बीच फंसे शाहिद

**मुंबई।** शाहिद कपूर, कृति सेनन और रश्मिका मंदाना की मच अवेटेड रोमांटिक-कॉमेडी फिल्म 'कॉकटेल 2' का ट्रेलर मंगलवार को रिलीज हो गया। 3 मिनट 1 सेकंड के इस ट्रेलर की शुरुआत शाहिद कपूर, कृति सेनन और रश्मिका मंदाना की कार ट्रिप से होती है। शुरुआत में शाहिद कहते हैं, 'जब भी कोई रिश्ता नया होता है, तो वह रोमांचक होता है, क्योंकि वह नया होता है। नए दोस्त मज़ेदार होते हैं क्योंकि उनकी कहानियां हमें दिलचस्प लगती हैं। पुराने दोस्तों से वही पुरानी कहानियां सुनते-सुनते हम थक जाते हैं। लेकिन, प्यार उस फटी हुई टी-शर्ट की तरह है जिसमें हमें दो रातों तक चैन की नींद आती है।



लाइफ Style

# तृप्ति

## कॉन्फिडेंस ही बन जाता है आपका दुश्मन

एजेंसी ▶▶ मुंबई

एनिमल में रणबीर कपूर के साथ तृप्ति डिमरी की जोड़ी लोगों को खूब पसंद आई थी, लेकिन यह भी आरोप लगे कि तृप्ति उस फिल्म की सक्सेस के बाद काफी बदल गईं। तृप्ति डिमरी ने कहा कि प्रोफेशनल लाइफ में उतार-चढ़ाव आते रहते हैं और ऐसे लोगों का साथ होना जरूरी है जो आपकी गलतियां बता सकें और सही रास्ता दिखा सकें।


एनिमल फेम एक्ट्रेस ने कहा कि अपनी बुराई सुनना आसान नहीं होता है। हालांकि यही वह चीज है जो आगे बढ़ने में आपकी मदद करती है। जब उनका परिवार और दोस्त उन्हें बताते हैं कि वह कहां गलती कर रही हैं, तो वह रुककर उनकी प्रतिक्रियाओं पर चिंतन करती हैं। तृप्ति ने माना कि कभी-कभी आपका कॉन्फिडेंस ही आपका सबसे बड़ा दुश्मन बन जाता है। साल 2023 में आई रणबीर कपूर और रश्मिका मंदाना की फिल्म एनिमल ब्लॉकबस्टर हिट रही थी। संदीप रेड्डी वांगा के निर्देशन में बनी इस फिल्म में तृप्ति डिमरी ने अहम किरदार निभाया था। तृप्ति यूं तो उससे पहले बुलबुल, लैला मजनू और पोस्टर बॉयज जैसी फिल्मों में नजर आ चुकी थीं, लेकिन इस फिल्म ने उन्हें वो पहचान दिलाई, जिसकी उन्हें इंडस्ट्री में चमकने के लिए जरूरत थी। तृप्ति के कॅरियर का ग्राफ रॉकेट की रफ्तार से ऊपर गया और उन्हें धड़क-2, भूल भुलैया-3 और स्पिरिट जैसी बड़ी फिल्मों में फीमेल लीड रोल मिलने लगे, लेकिन साथ ही साथ लोगों ने यह भी आरोप लगाया कि एनिमल के बाद तृप्ति काफी बदल गई हैं। एक हालिया इंटरव्यू में एक्ट्रेस ने खुद इस सवाल का जवाब दिया।

हॉलीवुड मसाला



# भारत में ताबड़तोड़ कर रही कमाई

**नई दिल्ली।** करी बार्कर की फिल्म 'ऑब्सेशन' भारत में बीते शुक्रवार को रिलीज हुई। महज चार दिनों में ही इस फिल्म ने भारतीय बॉक्स ऑफिस पर अच्छी कमाई कर ली है। आने वाले दिनों में फिल्म को वर्ड ऑफ माउथ पब्लिसिटी का फायदा मिल सकता है। हॉलीवुड की हॉरर फिल्म 'ऑब्सेशन' भारतीय दर्शको को भी खूब पसंद आ रही है। कम बजट की यह फिल्म दर्शकों को डराने में अब तक कामयाब रही है। फिल्म ऑब्सेशन को दुनियाभर में काफी पसंद किया जा रहा है। शुक्रवार को फिल्म को मिली धीमी शुरुआत के बाद इसने वीकेंड पर अपनी रफ्तार पकड़ी।



# सुरक्षा कारणों से रद्द हुआ कान्ये और ट्रैविस का शो

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकी रैपर कान्ये वेस्ट और ट्रैविस स्कॉट का एक कॉन्सर्ट इटली में होना था, जो कि अब रद्द कर दिया गया है। इस बात से रैपर के फैंस बेहद निराश हैं। यह फैसला किन्हीं सुरक्षा कारणों से लिया गया है। यह कॉन्सर्ट जुलाई में इटली के उत्तरी शहर रेजियो एमिलिया के आईसीएफ एरिना में होने वाले था। ट्रैविस स्कॉट का शो 17 जुलाई को और कान्ये वेस्ट का शो 18 जुलाई को होना था। ट्रैविस स्कॉट के कॉन्सर्ट को सुरक्षा व्यवस्था की चिंताओं के कारण रद्द किया गया है, न कि उन पर किसी प्रतिबंध की वजह से। स्थानीय अधिकारियों ने सुरक्षा कारणों से इन्हें रद्द करने का आदेश दिया। दरअसल, कान्ये वेस्ट द्वारा अप्रैल में की गई यहूदी-विरोधी टिप्पणियों का कड़ा विरोध हो रहा था। शहर के यहूदी समुदाय, फासीवाद-विरोधी समूहों, ट्रेड यूनियनों और नेताओं ने इस कॉन्सर्ट को रोकने की मांग की थी।



# अल्फा की रिलीज डेट बदली...

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट इन दिनों अपने कई प्रोजेक्ट्स को लेकर सुर्खियों में बनी हुई हैं। आलिया अल्फा और लव एंड वॉर में नजर आएंगी। अल्फा की रिलीज से पहले निर्माताओं ने इसकी नई रिलीज डेट जारी की है। आलिया भट्ट और शार्वरी वाघ की मुख्य भूमिका वाली एक्शन फिल्म अल्फा अब अपने तय समय से एक हफ्ता पहले यानी 3 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। पहले यह फिल्म 10 जुलाई को आने वाली थी। फैंस आलिया को एक्शन अवतार में देखने के लिए बेताब हैं। इस फिल्म से पहले आलिया ने फिल्म जिगरा में एक्शन किया था। फिल्म धमाल 4 की रिलीज डेट 17 जुलाई तय होने के बाद, अल्फा के निर्माता आदित्य चोपड़ा ने यह फैसला लिया है। 3 जुलाई के आसपास कोई बड़ी फिल्म रिलीज नहीं हो रही है।



# अनिल ने पत्नी संग यूरोप में मनाईं छुट्टियां

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता अनिल कपूर हाल ही में अपनी पत्नी सुनीता कपूर के साथ यूरोप की यात्रा पर गए थे। उन्होंने मंगलवार को सोशल मीडिया पर इस जादुई वेकेशन की कुछ खूबसूरत तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों के साथ अनिल ने इस जगह को मैजिकल बताया है। 69 साल के अनिल ने इंस्टाग्राम पर आज मोंटेनेग्रो देश की कुछ तस्वीरें पोस्ट की हैं। उन्होंने इस जगह को बहुत ही जादुई और खूबसूरत बताया। तस्वीरों में अनिल काले रंग के कपड़ों और स्टाइलिश चश्मे में बेहद हैंडसम दिख रहे हैं। अनिल की दोस्त और बॉलीवुड अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी ने इस पोस्ट पर कमेंट करते हुए लिखा कि यह उनकी भी पसंदीदा जगह है। इसके साथ ही शिल्पा ने लिखा कि अनिल बहुत शानदार लग रहे हैं। शिल्पा के अलावा अनिल के कई फैंस ने इस पोस्ट पर लाल दिल वाला और फायर इमोजी बनाया है।

टीवी मसाला



# 'तारक मेहता' में जमील जमाली की एंट्री से भागने लगे लोग...

**नई दिल्ली।** 'धुरंधर' और जमील जमाली की लोकप्रियता अब गोकुलधाम सोसाइटी तक पहुंच गई है। शो में एक मजेदार मोड़ आएगा जब लोग यह देखकर हैरान रह जाएंगे कि जमील जमाली बिल्कुल तारक मेहता के बॉस बाबूलाल जैसे दिखते हैं। यह अजीब समानता भ्रम पैदा कर रही है और कई मजेदार पलों को जन्म देती है। इससे पहले कि कोई सच और झूठ में फर्क कर पाए, अफवाहें फैलने लगती हैं, तरह-तरह के कयास लगने लगते हैं और बेचारे बाबूलाल खुद को एक ऐसे तूफान में पाते हैं जिसकी उन्होंने कल्पना भी नहीं की थी। ये किरदार राकेश बेदी निभा रहे हैं और जो 2020 से तारक के बॉस बने हुए हैं। एक मामूली भ्रम से शुरू हुई बात जल्दी ही एक बड़े तमाशे में बदल जाती है। जैसे-जैसे हर कोई स्थिति को समझने की कोशिश करता है, भ्रम और बढ़ता जाता है। बाबूलाल इस स्थिति में फंस जाते हैं और एक के बाद एक समस्याओं का सामना करते हैं। हालांकि, तारक अपने बॉस को अकेला नहीं छोड़ते और मुश्किल को संभालने की पूरी कोशिश करते हैं। वह स्थिति को पूरी तरह से हाथ से निकलने से पहले हर संभव प्रयास करते हैं। 'धुरंधर' के क्रेज के चलते बाबूलाल को जमील जमाली समझ लिया जाता है। लोग टीवी के किरदार को असली इंसान समझ बैठते हैं। एक छोटी सी गलतफहमी से और भी उलझनें पैदा हो जाती हैं। इससे हंसी-मजाक और मनोरंजन का माहौल बनता है। 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' एक बार फिर यही कमाल कर रहा है। यह फेमस सिटकॉम रोजमर्रा की साधारण घटनाओं को एक मजेदार और मनोरंजक कहानी में बदल देता है।

## प्रोड्यूसर पर लगाए थे यौन शोषण के झूठे आरोप

**नई दिल्ली।** टीवी का मशहूर सीरियल 'भाभी जी घर पर हैं' आपने कभी ना कभी तो जरूर देखा होगा। टीवी के इस शो को लोगों ने खूब पसंद किया।



कुछ साल पहले इस शो से जुड़ा एक बड़ा विवाद भी सामने आया था। जिसमें इस शो की लीड एक्ट्रेस शिल्पा शिंदे ने शो के प्रोड्यूसर पर यौन शोषण का आरोप लगाया था। हाल ही में दिए गए एक इंटरव्यू में शिल्पा ने बताया कि शो छोड़ने के दौरान उन्होंने प्रोड्यूसर पर भी सेक्सुअल हैरेसमेंट का आरोप लगाया था वह बिल्कुल झूठ था। इसके अलावा शिल्पा ने इंटरव्यू के दौरान और भी कई बातें बताई। भारती सिंह और हर्ष लिंबाचिया के पॉडकास्ट में शिल्पा ने लीगल लड़ाई और अपने इमोशनल ब्रेकडाउन पर खुलकर बातचीत की। बातचीत के दौरान शिल्पा ने बताया कि उनके सामने एक समय आया जब उन्हें यह महसूस होने लगा था कि वह काफी बुरी तरह से फंस चुकी हैं और उनके पास लड़ाई लड़ने का कोई दूसरा रास्ता नहीं बचा है।

# कपूर परिवार के नाम हैं ये 7 दिलचस्प रिकॉर्ड

*नई दिल्ली। बॉलीवुड के 'कपूर खानदान' को इंडस्ट्री की 'फर्स्ट फैमिली' भी कहा जाता है। पृथ्वीराज कपूर से लेकर रणबीर कपूर तक इस परिवार का फिल्ममेकिंग और एक्टिंग से बहुत पुराना नाता रहा है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि वो कौन से 7 रिकॉर्ड हैं जो इस परिवार के नाम पर दर्ज हैं?*



***ऑनस्क्रीन जा चुका सबसे बड़ा परिवार :*** *साल 1999 तक ही इस एक परिवार के 24 से अधिक सदस्य फिल्मों में बतौर एक्टर, डायरेक्टर या प्रोड्यूसर काम कर चुके थे। गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में इस परिवार के नाम फिल्म इंडस्ट्री में सबसे बड़े ऑन-स्क्रीन परिवार होने का नाम दर्ज है।*

***सिनेमा में 5 पीढ़ियों का सफर :*** *भारतीय सिनेमा जगत के इतिहास में कपूर परिवार इकलौता ऐसा परिवार है जिसकी 5 पीढ़ियां लगातार फिल्म इंडस्ट्री में सक्रिय रही हैं। शुरुआत दीवान बशेश्वरनाथ कपूर (पृथ्वीराज कपूर के पिता) से हुई थी और अब रणबीर कपूर व राहा कपूर तक पहुंच चुकी है।*

***एक ही फिल्म में 3 पीढ़ियां :*** *साल 1971 में आई फिल्म 'कल आज और कल' में एक अनोखा रिकॉर्ड बना। इस फिल्म में कपूर परिवार की तीन पीढ़ियां एक साथ नजर आई थीं। इस फिल्म में पृथ्वीराज कपूर (दादा), राज कपूर (पिता), और रणधीर कपूर (बेटे) एक साथ नजर आए थे।*

***सबसे यंग डायरेक्टर का रिकॉर्ड :*** *शोमैन राज कपूर ने महज 24 साल की उम्र में फिल्म 'आग' (1948) का निर्देशन किया था। यह अपने आप में एक वर्ल्ड रिकॉर्ड था। उस दौर में सबसे कम उम्र के फिल्म निर्देशक बनने का रिकॉर्ड राज कपूर ने अपने नाम किया।*

***सुपरस्टार बनीं पहली सगी बहनें :*** *कपूर खानदान की बेटियों ने भी फिल्म इंडस्ट्री में कम नाम नहीं कमाया। करिश्मा कपूर और करीना कपूर भारतीय सिनेमा के इतिहास की पहली ऐसी सगी बहनें बनीं, जिन्होंने पुरानी रिवायतों को तोड़ा और इंडस्ट्री पर राज किया। नंबर वन एक्ट्रेस बनीं।*

***एक परिवार में 3 दादा साहेब फाल्के पुरस्कार:*** *सिनेमा जगत के सर्वोच्च सम्मान 'दादा साहब फाल्के पुरस्कार' को एक ही परिवार में 3 बार जीतने का रिकॉर्ड भी कपूर खानदान के नाम है। यह सम्मान पृथ्वीराज कपूर, राज कपूर और शशि कपूर को भारतीय सिनेमा में उनके योगदान के लिए दिया गया।*

## शम्मी कपूर के नाम पर ऐसा भी एक रिकॉर्ड

शम्मी कपूर के नाम पर सिनेमा से अलग एक अनोखा रिकॉर्ड है। उन्होंने 1990 के दशक में 'इंटरनेट यूजर्स क्लब ऑफ इंडिया' की स्थापना की थी। वह भारत के पहले कुछ लोगों में से थे जिनके पास अपना पर्सनल कंप्यूटर और इंटरनेट कनेक्शन था।

# आदर्श ने हॉलीवुड सीरीज एलियन- अर्थ 2 को लेकर जताई खुशी

**नई दिल्ली।** अभिनेता आदर्श गौरव ने रिडले स्कॉट की फिल्म 'एलियन अर्थ' में स्लाइटली के किरदार के लिए खूब प्रशंसा बटोरी। अब अभिनेता इस साइंस फिक्शन शो के आगामी दूसरे सीजन में भी वही भूमिका निभाएंगे और जल्द ही शूटिंग के लिए रवाना होने वाले हैं। दूसरे सीजन में पीटर डिंकलेज के शामिल होने से इसको लेकर लोगों का उत्साह और भी बढ़ गया है। आदर्श ने एमी पुरस्कार विजेता इस अभिनेता की जमकर तारीफ की है। नोआ हॉली द्वारा निर्मित और दिग्गज फिल्म निर्माता रिडले स्कॉट द्वारा कार्यकारी निर्मित 'एलियनः अर्थ' स्कॉट की प्रतिष्ठित एलियन फिल्मों का स्पिन-ऑफ है।



पहले सीजन में आदर्श ने स्लाइटली उर्फ आरुष की भूमिका निभाई, जो मनुष्य और मशीन का एक हाइब्रिड है। आदर्श गौरव ने कहा कि 'एलियनः अर्थ' के सीजन 2 में वापसी करना बेहद खास लगता है। स्लाइटली एक ऐसा किरदार है जो शूटिंग खत्म होने के बाद भी लंबे समय तक मेरे मन में बसा रहा, क्योंकि उसकी इमोशनली जटिलता और ट्विस्ट ने मुझे दीवाना बना दिया। नोआ हॉली और रिडले स्कॉट द्वारा निर्मित दुनिया में उसे और गहराई से जानने का अवसर मिलना एक अभिनेता के रूप में रोमांचक और बेहद संतोषजनक है। एलियनः अर्थ में सिडनी चैंडलर, एलेक्स लॉथर, एस्सी डेविस, सैमुअल ब्लेंकिन और बाबौ सीसे मुख्य भूमिका में हैं, जबकि टिमोथी ओलिवेंट एक महत्वपूर्ण भूमिका में नजर आते हैं। सीजन 2 में गेम ऑफ थ्रोन्स के मशहूर अभिनेता पीटर डिंकलेज की एंट्री होती है, जिससे एलियन यूनिवर्स का विस्तार होता है। आदर्श ने आगे कहा कि इस अनुभव को वास्तव में उल्लेखनीय बनाने वाली बात यह है कि मुझे एक टेलेंटेड एक्टर्स के साथ इस लोकप्रिय यूनिवर्स का हिस्सा बनने का मौका मिला। पीटर डिंकलेज, टिमोथी ओलिवेंट और पूरी टीम जैसे कलाकारों के साथ काम करना आपको हर दिन क्रिएटिव रूप से आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है।

## अपने नाम किए तीन पुरस्कार, सर्वश्रेष्ठ बाल कलाकार का सम्मान भी मिला

# न्यूयॉर्क इंडियन फिल्म फेस्टिवल में मणिपुरी फिल्म बूंग की धूम

### फिल्म को कौन से अवॉर्ड मिले?

फेस्टिवल में बूंग ने तीन पुरस्कार अपने नाम किए। पहला सर्वश्रेष्ठ डेब्यू फिल्म का पुरस्कार। दूसरा लक्ष्मीप्रिया देवी को सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का पुरस्कार और तीसरा गुगुन किपगेन को सर्वश्रेष्ठ बाल कलाकार पुरस्कार दिया गया। न्यूयॉर्क इंडियन फिल्म फेस्टिवल 28 से 31 मई तक चला, जिसमें 15 भाषाओं की अलग-अलग तरह की फिल्में दिखाई गईं।

### क्या है बूंगकी कहानी?

बूंग की कहानी बहुत प्यारी और दिल को छू लेने वाली है। यह फिल्म मणिपुर की घाटी में रहने वाले बच्चे बूंग (गुगुन किपगेन) पर आधारित है। बूंग वर्षों से अकेली रह रही अपनी मां को खुश करने के लिए खास तोहफा देने की योजना बनाता है। वह, तोहफा है अपने पिता को वापस लाना। वह पिता की तलाश में निकल जाता है। इस सफर में उसका दोस्त साथ देता है। मां की खुशियों के लिए पिता को खोजने निकले बूंग की यह कहानी बेहद मार्मिक है। बूंग को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है।

*लॉस एंजिल्स। मणिपुरी फिल्म बूंग ने पहले बाफ्टा अवॉर्ड में अपना जलवा दिखाया था। अब इस फिल्म ने न्यूयॉर्क इंडियन फिल्म फेस्टिवल में बड़ी उपलब्धि हासिल की है। महोत्सव में फिल्म ने तीन अवॉर्ड अपने नाम किए हैं। न्यूयॉर्क इंडियन फिल्म फेस्टिवल में भारतीय फिल्म बूंग ने इतिहास रच दिया है। रविवार को खत्म हुए इस महोत्सव में फिल्म ने तीन अवॉर्ड अपने नाम किए हैं। फिल्म के मुख्य कलाकार को सर्वश्रेष्ठ बाल कलाकार का सम्मान मिला है। महोत्सव में दस अलग-अलग कैटेगरी में भारतीय सिनेमा के बेहतरीन कलाकारों और फिल्मों को सम्मानित किया गया।*



***फिल्म में नजर आए ये कलाकार :*** फिल्म बूंग में गुगुन किपगेन के अलावा बाला हिजाम, नेमेतिया नगंगबाम, जेनी खुरई, हामोम सदानंद,एंगम सनामतम, विक्रम कोचर, थौदम ब्रजबिधु और मोधुबाला थौदम जैसे कलाकार अहम भूमिकाओं में दिखाई दिए। फिल्म के बाल कलाकारों का अभिनय बहुत ही सहज है। कई सीन्स दर्शकों को भावुक कर जाते हैं, आंखों को नम कर देते हैं।

### फरहान ने प्रोड्यूस की है बूंग

इस फिल्म को निर्माता-निर्देशक और एक्टर फरहान अख्तर ने प्रोड्यूस किया है। इस फिल्म का वर्ल्ड प्रीमियर साल 2024 के टोरंटो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में हुआ था। वहां इसे दर्शकों से स्टैंडिंग ओवेशन मिला था। भारतीय सिनेमाघरों में यह फिल्म सितंबर 2025 को रिलीज हुई थी। इस फिल्म का निर्देशन लक्ष्मीप्रिया देवी ने किया है।

### बाफ्टा में मिला था अवॉर्ड

इससे पहले मणिपुरी फिल्म 'बूंग' ने बाफ्टा अवॉड्र्स 2026 में भी जलवा दिखाया था। वहां फिल्म ने बेस्ट चिल्ड्रन एंड फैमिली कैटेगरी में पुरस्कार जीता था। 'बूंग' बाफ्टा में नामांकित होने वाली अकेली भारतीय फिल्म थी। इसने जूटोपिया 2, लिलो एंड स्टिच और आर्को जैसी बड़ी-बड़ी अंतरराष्ट्रीय फिल्मों को हराकर यह अवॉर्ड जीता। इससे पहले फिल्म का पहला प्रीमियर 2024 में टोरंटो फिल्म फेस्टिवल में हुआ था। बाद में इसे वारसॉ, एमएएमआई मुंबई, आईएफएफआई और मेलबर्न इंडियन फिल्म फेस्टिवल जैसे कई बड़े फेस्टिवल में दिखाया गया।

## खबर संक्षेप



### जागरूकता अभियान से किसानों में बढ़ा विश्वास

**रायगढ़।** जिले में कृषि क्षेत्र को अधिक टिकाऊ, किफायती और पर्यावरण अनुकूल बनाने की दिशा में नैनो यूरिया और नैनो डीएपी के उपयोग को तेजी से बढ़ावा दिया जा रहा है। रासायनिक खादों पर बढ़ती निर्भरता को कम करने और मिट्टी की उर्वरता को बनाए रखने के उद्देश्य से कृषि विभाग लगातार व्यापक प्रचार प्रसार अभियान चला रहा है। इस अभियान में भारतीय किसान उर्वरक सहकारी लिमिटेड इफको की भी अहम भागीदारी रही है। उप संचालक कृषि अनिल वर्मा ने बताया कि किसानों में बढ़ते रुझान को देखते हुए इस वर्ष जिले से 4332 बोतल नैनो यूरिया और 4332 बोतल नैनो डीएपी की मांग भेजी गई है। कृषि विभाग ने बताया कि समिति स्तर पर उर्वरकों का भंडारण सुनिश्चित करने के बाद चयनित एवं अन्य इच्छुक किसानों के बीच इनका सुचारु वितरण किया जाएगा। नैनो उर्वरकों का बढ़ता उपयोग आने वाले समय में जिले की कृषि व्यवस्था को आधुनिक और टिकाऊ दिशा प्रदान करेगा। इससे जहां उत्पादन क्षमता में वृद्धि होगी, वहीं पर्यावरण संरक्षण और मृदा स्वास्थ्य को भी दीर्घकालिक लाभ मिलेगा।

### कार्यकर्ता और सहायिका के लिए 4 जून आवेदन

**सारंगढ़।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा ग्राम कलमी के आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और ग्राम डौकीजोर के आँगनबाड़ी सहायिका की भर्ती हेतु इच्छुक महिला उम्मीदवार से 4 जून तक कार्यालयीन समय में परियोजना अधिकारी कार्यालय एकीकृत बाल विकास परियोजना कोसीर के पता में आवेदन पत्र आमंत्रित किया है।

### गांव-गांव में लग रही सुशासन शिविर, पहुंच रहे फरियादी

**रायगढ़।** अभी गांव गांव में सुशासन शिविर लग रही है, इसके बाद भी लोगों का भरोसा जनदर्शन में ही है। इसकी बानगी हर सोमवार को लगने वाले कलेक्टर जन दर्शन में पहुंचने वाले लोगों की भीड़ से देखी जा सकती है। सोमवार को जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे नागरिकों ने अपनी समस्याओंए मांगों एवं शिकायतों को प्रशासन के समक्ष रखा। सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ नहीं मिलने, राजस्व प्रकरणों के निराकरण, अतिक्रमण हटाने, प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने तथा विकास कार्यों से जुड़े अनेक आवेदन जनदर्शन में प्राप्त हुए। जनदर्शन में एडीएम अपूर्व प्रियेश टोप्पो ने आवेदकों की समस्याएं सुनीं और संबंधित विभागों को नियमानुसार जांच कर आवश्यक कार्रवाई एवं समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जनदर्शन में ग्राम घुटकूपाली के गोकुल चौहान ने वृद्धावस्था पेंशन की राशि कई महीनों से प्राप्त नहीं होने की शिकायत करते हुए सामाजिक पेंशन पुनः प्रारंभ कराने का आवेदन प्रस्तुत किया।

जनता के अपार स्नेह और शुभकामनाओं के बीच मना वित्त मंत्री का जन्मदिन

# हनुमान मंदिर में वित्त मंत्री ने की पूजा-अर्चना प्रदेश और रायगढ़ की खुशहाली की कामना





गौ माता को भोजन कराते वित्त मंत्री और श्री चौधरी का तिलक करते ग्रामीण।

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

प्रदेश के वित्त मंत्री एवं रायगढ़ विधायक ओपी चौधरी ने मंगलवार को अपना जन्मदिन अपने निर्वाचन क्षेत्र रायगढ़ में जनता के बीच रहकर सादगी, सेवा और जनसंपर्क के साथ मनाया। सुबह से देर शाम तक जिलेभर से आए नागरिकों, सामाजिक संगठनों, विभिन्न समाजों के प्रतिनिधियों, जनप्रतिनिधियों, कर्मचारियों, युवाओं और शुभचिंतकों ने उनसे मुलाकात कर जन्मदिन की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। पूरे दिन शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में उत्साह का माहौल बना रहा तथा विभिन्न स्थानों पर लोगों ने अपने.अपने तरीके से उनके जन्मदिन को यादगार बनाया।

जन्मदिन की शुरुआत वित्त मंत्री श्री चौधरी ने महापल्ली स्थित हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना कर की। उन्होंने भगवान हनुमान के समक्ष प्रदेश और रायगढ़ जिले की सुख समृद्धि, खुशहाली एवं निरंतर विकास की कामना की। मंदिर परिसर में उपस्थित श्रद्धालुओं ने भी उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की मंगलकामनाएं कीं। इसके पश्चात वे रायगढ़ स्थित चक्रधर गौशाला पहुंचे, जहां उन्होंने गौसेवा करते हुए गायों को पूड़ी एवं हरी सब्जियां खिलाईं। इस दौरान उन्होंने गौशाला की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया तथा गौसंरक्षण और पशुधन संवर्धन के महत्व पर चर्चा की। उपस्थित लोगों ने भारतीय संस्कृति और सेवा परंपरा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता की सराहना की। जन्मदिन को लेकर शुभकामनाओं का सिलसिला एक जून की मध्यरात्रि से ही प्रारंभ हो गया था। जिलेभर के वरिष्ठ नागरिकों, प्रबुद्धजनों, बुद्धिजीवियों, सामाजिक संगठनों, विभिन्न समाजों के प्रतिनिधियों, कर्मचारी संघों, व्यापारी संगठनों, अधिवक्ता संघए युवा संगठनों, शासकीय अधिकारियों कर्मचारियों, मंदिर एवं तीर्थ समितियों सहित बड़ी संख्या में लोगों ने प्रत्यक्ष भेंट कर उन्हें शुभकामनाएं दीं। माताओं, बहनों और युवाओं सहित विभिन्न वर्गों के लोगों ने उनके उज्ज्वल भविष्य एवं दीर्घायु जीवन की कामना की। वित्त मंत्री श्री चौधरी के कार्यालय में भी दिनभर जनमुलाकात का क्रम जारी रहा। विभिन्न समाजों और संगठनों के प्रतिनिधिमंडलों ने सौजन्य भेंट कर पुष्पगुच्छ एवं शुभकामना संदेश भेंट किए। दिनभर उमड़े लोगों के स्नेह और उत्साह ने वित्त मंत्री ओपी चौधरी के प्रति जिलेवासियों के विश्वास और आत्मीय जुड़ाव को भी प्रतिबिंबित किया। नागरिकों ने उनके स्वस्थ, दीर्घायु और सफल जीवन की कामना करते हुए रायगढ़ एवं प्रदेश के निरंतर विकास के लिए शुभेच्छाएं व्यक्त कीं। इस अवसर पर वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने सभी नागरिकों, वरिष्ठजनों, समाज प्रमुखों, कर्मचारियों, जनप्रतिनिधियों, कार्यकर्ताओं एवं शुभचिंतकों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि जनता का प्रेम, विश्वास और आशीर्वाद ही उनकी सबसे बड़ी शक्ति है तथा वे रायगढ़ सहित पूरे प्रदेश के विकासए सुशासन और जनकल्याण के लिए पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करते रहेंगे।

### विकास कार्यों की हुई चर्चा

इस दौरान जिले के विकास जनकल्याणकारी योजनाओं और भविष्य की विकास संभावनाओं को लेकर भी सकारात्मक चर्चा हुई। आगंतुकों ने रायगढ़ में विगत वर्षों में हुए विकास कार्यों की सराहना करते हुए जिले की निरंतर प्रगति के लिए शुभकामनाएं दीं। जन्मदिन के अवसर पर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों पर भी शुभकामनाओं की भरमार देखने को मिली। समर्थकों, युवाओं और शुभचिंतकों ने फेसबुक, एक्स, इंस्टाग्राम सहित विभिन्न डिजिटल माध्यमों पर बधाई संदेश साझा किए। वहीं प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और वेब मीडिया के माध्यम से भी अनेक संस्थाओं एवं व्यक्तियों ने अपने संदेश प्रेषित कर शुभकामनाएं व्यक्त कीं।



## भू-अर्जन मुआवजे को लेकर ग्रामीणों ने वित्त मंत्री को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ घरघोड़ा

घरघोड़ा क्षेत्र एसईसीएल द्वारा ग्राम पोरडा, पोरडी तथा कुर्मीभौना में किए जा रहे भू अर्जन से संबंधित समस्याओं एवं मांग को लेकर प्रभावित ग्रामीण किसानों की ओर से एक प्रतिनिधिमंडल द्वारा 1 जून को वित्त मंत्री ओपी चौधरी ज्ञापन सौंपा गया।

जिसमें ग्रामीणों का यह कहना है कि भू.अर्जन की धारा वर्ष 2008-09 में लगाकर वर्तमान में मुआवजा देने की प्रक्रिया चल रहा है। वर्ष 2008-09 में प्रति एकड़ जमीन की मुआवजा 6 लाख 8 लाख 10 लाख निर्धारित किया गया आज 16.17 वर्ष के पश्चात भी एसईसीएल द्वारा उसी दर से मुआवजा भुगतान किए जाने की प्रक्रिया किया जा रहा है जो की न्यायोचित नहीं है जिसमें किसानों को बहुत आर्थिक नुकसान हो रहा है जबकि आज भूमि की दर कई गुना बढ़ गई है इस संबंध में किसानों द्वारा मंत्री से निवेदन कर बात किया गया उन्होंने किसानों के समस्याओं को जायज ठहराते हुए उन्होंने कहा कि आज की रायगढ़ पुरी तरह इंडस्ट्रीज क्षेत्र हो गया है। उक्त दर से जमीन देने से किसान कैसा करेगा कहकर चिंता व्यक्त करते हुए तत्काल जिला कलेक्टर से मोबाइल से बात कर क्षेत्र के भू अर्जन प्रक्रिया की जानकारी लेते हुए किसानों के हित में निर्णय लेने के लिए निर्देशित करते हुए सरकार हर संभव ग्रामीण जनता के हित में तत्पर होकर कार्य व सहयोग करने का आश्वासन प्रदान किए।

## नल जल योजना की टंकियां भी पानी के लिए तरसे

**सरसींवा।** काग़ज़ों में हर घर तक शुद्ध पेयजल पहुँचाने का सपना, ज़मीन पर सूखी टंकियों की कड़वी हक़ीक़त बन चुका है। नल जल टंकियों को बने 4 साल पूरे होने जा रहे हैं, लेकिन आज तक नल जल के टंकियों से पानी के सप्लाई अधूरा ही है।

जिले के अनेकों स्थानों पर नल जल योजना के तहत पानी टंकी बन कर तैयार खड़ी हुई हैं, लेकिन इस भीषण गर्मी में आज तक पीने के लिए पानी नसीब नहीं हुआ जबकि जिला के विभाग से एक जानकारी के तहत बिलाईगढ़ विकासखंड के अंतर्गत 123 ग्रापं आते हैं जिसके अंतर्गत 218 ग्राम शामिल हैं जिसमें नल जल के रेंटों योजना के तहत पूरे बिलाईगढ़ विकास खंड में स्वीकृत योजना की संख्या 34 है जिसमें घरेलू कनेक्शन 19792 हैं इसमें पूर्ण योजना की संख्या 30 बताई जा रही है और प्रगति में 4 कार्य बताई जा रही हैं। जिसमें प्रदाय किए गए कुल घरेलू नाल कनेक्शन की संख्या 15993 विभाग के आंकड़ों में बताई जा रही है। वही जलप्रदाय प्रारंभ किए गए घरेलू नल जल कनेक्शन की संख्या 15077 बताई जा रही है। घर घर नलजन ग्रामों की संख्या ब्लॉक में कुल 116 गांव बतलाई जा रही है वही हर घर जल प्रमाणित ग्रामों की कूल संख्या 114 है सिंगल योजना के तहत कुल स्वीकृत योजना की संख्या 160 है घरेलू नल जल कनेक्शन की संख्या 37754 है वही पूर्ण योजना की संख्या 53 है। प्रगति योजना की संख्या 107 है प्रदाय किए गए घरेलू नल जल कनेक्शन की संख्या 3238 है।

## व्यापमं परीक्षा केन्द्राध्यक्ष बदलने की मांग शिकायत के बाद डीईओ से मांगा अभिमत

**सरसींवा।** सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले में व्यापमं द्वारा आयोजित होने वाली परीक्षा के केंद्राध्यक्ष बदलने का मामला सामने आया है। पीएमश्री सेजेस सारंगढ़ के प्राचार्य एलपी पटेल को व्यापमं परीक्षा के केन्द्राध्यक्ष एवं अन्य परीक्षा संबंधी दायित्वों से पृथक किए जाने की मांग को लेकर प्रस्तुत आवेदन पर कलेक्टर कार्यालय ने गंभीर रुख अपनाते हुए डीईओ से अभिमत मांगा है।




जानकारी के मुताबिक शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोडम के व्याख्याता चूड़ामणी गोस्वामी द्वारा प्रस्तुत आवेदन में एलपी पटेल को व्यापम द्वारा आयोजित परीक्षाओं के केन्द्राध्यक्ष एवं समस्त परीक्षा संबंधी दायित्वों से अलग किए जाने की मांग की गई है। आवेदन प्राप्त होने के बाद कलेक्टर ने डीईओ को मामले की जांच कर अभिमत निर्धारित समयावधि में देने कहा गया है। साथ ही यह भी कहा गया है कि यदि श्री पटेल को परीक्षा दायित्वों से पृथक रखने की अनुशंसा की जाती है तो परीक्षा संचालन प्रभावित न हो इसके लिए किसी वरिष्ठ व्याख्याता का नाम केन्द्राध्यक्ष के रूप में प्रस्तावित कर उपलब्ध कराया जाए। जिसमें जिला शिक्षा अधिकारी ने अपने प्रतिवेदन में व्यापम परीक्षाओं की निष्पक्षता, पारदर्शिता, स्वतंत्रता एवं गोपनीयता को सर्वोपरि बताते हुए एलपी पटेल को परीक्षा संबंधी दायित्वों से पृथक रखने का अभिमत दिया है। साथ ही परीक्षा संचालन की निरंतरता बनाए रखने हेतु स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छिंद में पदस्थ प्राचार्य व्याख्याता पीताम्बर प्रसाद पटेल का नाम केन्द्राध्यक्ष के रूप में प्रस्तावित किया गया है।

### उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारी हुए सम्मानित



**रायगढ़।** सरकारी विभागों के कर्मचारियों को लंबे समय तक काम करने के बाद भी कभी सम्मानित होने का मौका मिलता होगा यह बहुत कम ही देखने को मिलता है। गिने चुने लोगों को छोड़ दें तो बाकी सरकारी कर्मचारी सम्मानित होने का केवल सपना ही संजो सकते हैं, लेकिन पूरा होने की कोई गारंटी नहीं होती है। हालांकि अब हर महीने एक बार उत्कृष्ठ काम करने वाले कर्मचारियों को सम्मान पाने का मौका मिलता है। यह सम्मान कलेक्टर द्वारा किया जाता है। इस बार राज्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को जमीनी स्तर पर प्रभावी ढंग से क्रियान्वित करने वाले कर्मठ शासकीय सेवकों के उत्साहवर्धन के लिए शुरू की गई अभिनव पहल के तहत सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

## मधुर संगत से गूंजा पीएम श्री सेजेस

**घरघोड़ा।** पीएम श्री शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय सेजेस घरघोड़ा में आयोजित समर कैंप विद्यार्थियों के लिए सीखने, मनोरंजन और प्रतिभा निखारने का एक सशक्त मंच बनता जा रहा है।



प्रतिदिन आयोजित हो रही विविध गतिविधियों के क्रम में आज विद्यार्थियों को भारतीय संगीत एवं वाद्य यंत्रों से परिचित कराने के उद्देश्य से विशेष संगीत सत्र का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने हारमोनियम एवं तबले की मधुर धुनों के बीच देशभक्ति गीतों और माँ सरस्वती वंदना का आनंद लिया। कार्यक्रम में प्रसिद्ध हारमोनियम वादक हरिराम यादव एवं तबला वादक नारायण माली ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से विद्यार्थियों को भारतीय संगीत की बारीकियों से अवगत कराया। दोनों कलाकारों ने न केवल वाद्य यंत्रों का प्रदर्शन किया, बल्कि बच्चों को संगीत के महत्व, लय, ताल और सुरों की जानकारी भी दी।

हारमोनियम और तबले की संगत पर विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत एवं माँ सरस्वती के भजन प्रस्तुत किएए जिससे विद्यालय परिसर भक्तिमय एवं राष्ट्रभक्ति की भावना से सराबोर हो उठा।

## कुष्ठ विकृति सहायक शल्य क्रिया के बाद 22 मरीज हुए स्वस्थ

**रायगढ़।** कुष्ठ रोग से उत्पन्न विकृतियों के उपचार और पुनर्वास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत जिला चिकित्सालय रायगढ़ में कुष्ठ विकृति सहायक शल्य क्रिया रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी के बाद भर्ती 22 मरीजों को पोस्ट ऑपरेटिव फिजियोथैरेपी पूर्ण होने पर आज छुट्टी प्रदान की गई।



इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों एवं विशेषज्ञ चिकित्सकों ने मरीजों को घर पर भी नियमित रूप से फिजियोथैरेपी और व्यायाम जारी रखने की सलाह दीए ताकि शल्य क्रिया का अधिकतम लाभ मिल सके और प्रभावित अंगों की कार्यक्षमता में लगातार सुधार हो। विशेषज्ञों ने बताया कि कुष्ठ रोग के कारण हाथ, पैर और आंखों में होने वाली विकृतियों को सुधारने के लिए रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी एक प्रभावी माध्यम है, लेकिन सर्जरी के बाद नियमित फिजियोथैरेपी उपचार का अत्यंत महत्वपूर्ण हिस्सा होती है। इसके माध्यम से मरीजों की मांसपेशियों की शक्ति बढ़ती है, अंगों की गतिशीलता बेहतर होती है और दिव्यांगता की संभावना को कम किया जा सकता है।

### नाम परिवर्तन सूचना

मैं इब्रेनसिया (YEMRESHIYA) पति इमिल एक्का (EMIL EKKA) उम्र 62 वर्ष जाति-उरांव, निवासी ग्राम चराईखारा मकान नंबर 62, जोकबहला, थाना-नारायणपुर, तहसील-कुनकुरी, जिला-जशपुर (छ.ग.) की निवासी होकर शपथपूर्वक निम्न कथन करती हूँ-।

1. यह कि शपथकर्ता उपरोक्त पते की निवासी है
2. यह कि शपथकर्ता के नाम पर भारतीय स्टेट बैंक शाखा कुनकुरी में बचत खाता क्र. 11233727417 में त्रुटिवश IBRENSIYA EKKA दर्ज है।
3. यह कि शपथकर्ता के आधार संख्या 3443 4646 4445 में शपथकर्ता का नाम अंग्रेजी में त्रुटि वश IBRENSIYA EKKA दर्ज हो गया है।
4. यह कि शपथकर्ता के आर्मी डिस्चार्ज बुक संख्या 1131/2001 में शपथकर्ता का नाम YEMRESHIYA दर्ज है।
5. यह कि इब्रेनसिया (YEMRESHIYA) एवं IBRENSIYA EKKA दोनों एक ही व्यक्ति का नाम है अर्थात शपथकर्ता का ही नाम है।
6. यह कि शपथकर्ता का यह शपथ पत्र अपने भारतीय स्टेट बैंक शाखा कुनकुरी के पासबुक में दर्ज नाम IBRENSIYA EKKA के जगह वास्तविक नाम इब्रेनसिया (YEMRESHIYA) दर्ज कराने के समर्थन में यह शपथ पत्र निष्पादित कर रही है।

**शपथकर्ता**
**इब्रेनसिया (YEMRESHIYA)**

### नाम परिवर्तन सूचना

इमिल एक्का (EMIL EKKA) पिता स्तानिसलास एक्का (ESTANISLAS EKKA) उम्र-63 वर्ष जाति-उरांव, निवासी ग्राम चराईखारा मकान नंबर 62, जोकबहला, थाना-नारायणपुर, तहसील-कुनकुरी, जिला-जशपुर (छ.ग.) की निवासी होकर शपथपूर्वक निम्न कथन करता हूँ-

1. यह कि शपथकर्ता उपरोक्त पते का निवासी है।
2. यह कि शपथकर्ता के नाम पर भारतीय स्टेट बैंक शाखा कुनकुरी में बचत खाता क्र. 11233727417 है।
3. यह कि शपथकर्ता के आधार संख्या 2740 8615 8964 में शपथकर्ता का नाम अंग्रेजी में त्रुटि वश IMIL EKKA दर्ज हो गया है।
4. यह कि शपथकर्ता के आर्मी डिस्चार्ज बुक संख्या 1131/2001 में इमिल एक्का (EMIL EKKA) दर्ज है जो सही है।
5. यह कि इमिल एक्का (EMIL EKKA) एवं IMIL EKKA दोनों एक ही व्यक्ति का नाम है अर्थात शपथकर्ता का ही नाम है।
6. यह कि शपथकर्ता का यह शपथ पत्र अपने आधार कार्ड में दर्ज त्रुटि वश नाम के जगह वास्तविक नाम इमिल एक्का (EMIL EKKA) दर्ज कराने के समर्थन में यह शपथ पत्र निष्पादित कर रहा है।

**शपथकर्ता**
**इब्रेनसिया (YEMRESHIYA)**




DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोडों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त